तेरी मेहरबानी | By Sumitra Banerjee

जबसे हुई है तेरी मेहरबानी
तुमने बदल दी ये दुनिया बदली ज़िंदगानी

तेरी कृपा के साये में रहकर रहती ना मुझको कोई फिकर है
खाटू वाले तुमने हमेशा रखी है मुझपे अपनी नज़र है
हो गए दु:ख अब बीती कहानी
तुमने बदल दी ये दुनिया बदली ज़िंदगानी

ना जाने किस बात पे खुश हो तुमने मुझको है अपनाया
अपनी दया के फूल से तुमने जीवन बगिया को महकाया
शुकर करूँ तेरा शीश के दानी
तुमने बदल दी ये दुनिया बदली ज़िंदगानी

प्यार मिला दरबार मिला तेरा अपनी किस्मत पे इतराऊं
इतनी खुशियां पाई है तुमसे हर पल मैं तो मौज मनाऊं
आये ना कुंदन आँख में पानी
तुमने बदल दी ये दुनिया बदली ज़िंदगानी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-sumitra-banerjee/